नहरी पानी चोरी होने से स्थानीय किसानों को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा : कलेक्टर

- श्रीगंगानगर और फाजिल्का के जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक में नहरी पानी चोरी रोकने के लिये समन्वय से कार्यवाही करने पर सहमति जताई
- सिंचाई विभाग और पुलिस मिलकर रोकेंगे पानी चोरी

श्रीगंगानगर, (कासं)। गंगनहर में निर्धारित शेयर 2500 क्यूसेक के अनुसार सिंचाई पानी उपलब्ध करवाने, नहरी पानी चोरी रोकने और फिरोजपुर फीडर निर्माण को लेकर बुधवार को श्रीगंगानगर और फाजिल्का के जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इस दौरान दोनों जिलों के अधिकारियों द्वारा नहरी पानी चोरी रोकने के लिये समन्वय बनाकर कार्यवाही करने पर सहमति जताई गई।

बैठक में श्रीगंगानगर जिला कलेक्टर डॉ. मंजू द्वारा गंगनहर में निर्धारित शेयर के अनुसार पानी उपलब्ध नहीं होने और नहरी पानी की चोरी पर प्रभावी कार्यवाही की आवश्यकता जताते हुए कहा कि राजस्थान क्षेत्र में नियमित निगरानी के लिये गश्ती दल गठित किये गये हैं। पुलिस जाब्ता भी उपलब्ध करवाया गया है ताकि नहरी पानी की चोरी की रोकथाम हो सके। उन्होंने कहा कि नहरी पानी की चोरी होने से स्थानीय किसानों को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है, जिससे सिंचाई संबंधी परेशानियां है। उन्होंने कहा कि पंजाब क्षेत्र में भी पानी चोरी रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए।

इस पर फाजिल्का जिला कलेक्टर अमृतपाल कौर संधू ने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन की ओर से नहरी पानी चोरी रोकने के लिये आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। फाजिल्का सिंचाई विभाग के अधिकारी लगातार नहरी क्षेत्र की निगरानी कर रहे हैं और पानी चोरी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही भी जारी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि यह कार्यवाही नियमित रूप से जारी रहेगी और पानी चोरी करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को संयुक्त टीम बनाकर नियमित निगरानी करने और पानी चोरी रोकने के निर्देश दिये।

फाजिल्का एसएसपी गुरमीत सिंह ने भी गंगानगर जिला प्रशासन को नहरी पानी की चोरी करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने का आश्वासन देते हुए कहा कि पुलिस द्वारा रोजाना नहरी क्षेत्र की निगरानी की जायेगी। सिंचाई विभाग द्वारा पानी चोरी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही के तहत परिवाद देने पर पुलिस तत्काल कार्यवाही करेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान क्षेत्र में भी नियमित निगरानी होगी तो पानी चोरी पर रोकथाम लगेगी।

इससे पूर्व जल संसाधन वृत श्रीगंगानगर के एसई धीरज चावला ने गंगनहर में निर्धारित क्यूसेक के अनुसार पानी नहीं मिलने और पंजाब क्षेत्र से पानी चोरी का उल्लेख करते हुए बताया कि संयुक्त गश्ती दल द्वारा निगरानी की जा रही है। इससे पानी चोरी पर अंकुश लगा है। पंजाब क्षेत्र से भी पानी चोरी रोकने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जायेगी तो गंगनहर में पानी की मात्रा में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि पंजाब क्षेत्र के कलामवाला, आजमवाला और इस्लामेवाला गांव में पानी चोरी की ज्यादा समस्या है। पुलिस द्वारा कार्यवाही की जायेगी तो ऐसी घटनाओं की रोकथाम हो सकेगी।

इस पर जल संसाधन विभाग फिरोजपुर के एसई संदीप गोयल ने पंजाब क्षेत्र में गंगनहर में नहरी पानी की चोरी रोकने के लिए की गई कार्यवाही से अवगत करवाते हुए बताया कि लगातार विभाग द्वारा निगरानी की जा रही है। इस दौरान पानी चोरी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए पाइपें सहित अन्य सामान भी जब्त किया गया है। उन्होंने कहा कि गंगनहर में निर्धारित मात्रा में पानी देने के लिये प्रयास किये जा रहे हैं। पानी चोरी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही के लिये पंजाब पुलिस को प्रकरण भिजवाये जायेंगे।

पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने कहा कि नहरी पानी चोरी रोकने हेतु निगरानी व्यवस्था को निरंतर बनाये रखा जाये ताकि पानी चोरी करने वालों में भय उत्पन्न हो सके। सिंचाई विभाग के साथ-साथ पुलिस द्वारा पानी चोरी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी तो ऐसी घटनाओं पर रोक लगेगी। बैठक में एडीएम प्रशासन सुभाष कुमार, जिला परिषद सीईओ गिरधर, बा. आदित्य प्रशिक्षु आईएएस सुश्री अदिति यादव, रणजीत कुमार सहित गंगानगर-फाजिल्का जिलों के सिंचाई विभाग के साथ-साथ अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

गंगानगर कलेक्टर डॉ. मंजू ने गंगनहर में नहरी पानी चोरी रोकने को लेकर श्रीगंगानगर और फाजिल्का के जिला स्तरीय अधिकारियों की संयुक्त बैठक को संबोधित किया।

मोहल्ला चूनगरान में बन रहे 14 से ज्यादा ताजिए

बीकानेर, (कासं)। इस्लामिक साल के पहले महीने मोहर्रम में हजरत इमाम हुसैन को याद किया जायेगा। अगर 26 जून को चांद दिखाई दिया तो इस्लामिक माह मोहर्रम का आगाज अगले दिन से हो जायेगा। 26 जून को चांद दिखाई दिखाई तो 9 दिन बाद ताजिये निकाले जायेंगे।

मोहर्रम में मोमिन ताजिया बनाकर जियारत करते हैं। चांद दिखने के इंतजार में शहर में 50 से भी अधिक मोहल्लों में ताजिये बनने शुरू हो गए हैं। मोहर्रम इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना है, जो मुस्लिम समुदाय का महत्वपूर्ण महीना है।

कर्बला स्थित हजरत इमाम हुसैन के रोजा-ए मुबारक के रूप में ताजियों की जियारत की जायेगी। इस माह के अंतिम सप्ताह में इस्लामी कैलेंडर के अंतिम माह जिलहिज्जा की समाप्ति के साथ हिजरी वर्ष 1446 विदा हो जायेगा और चांद नज़र आने पर हिजरी 1447 शुरू हो जायेगी। अकीदतमंद ताजियों पर शीरनी चढ़ाकर मन्नतें मागेंगे। वरिष्ठ कलाकार मोहम्मद हनीफ उस्ता के अनुसार उस्ता मोहल्ला के ताजिए की जालियां नए रूप में बनाई गई है। ताजियों पर सोने की नक्कासी का काम भी किया जा रहा है।

शहर में 50 से भी अधिक स्थानों पर ताजिए बनाए जा रहे हैं। मोहल्ला चूनगरान में सबसे अधिक ताजिए बनाए जायेंगे। इस बार 14 से अधिक ताजिए इसी मोहल्ले में बन रहे हैं। लेखक अशफाक कादरी बताते हैं कि मोहल्ला चूनगरान में हाफिज फरमान अली का सरसों का हरियल ताजिया इस बार भी विषेष आकर्षण का केन्द्र रहेगा।

सार-समाचार

संभागीय आयुक्त का पदभार संभाला

भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विश्राम मीणा ने बीकानेर संभागीय आयुक्त का पदभार संभाला।

बीकानेर, (कासं)। भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विश्राम मीणा ने बुधवार को संभागीय आयुक्त का पदभार संभाला। मीणा इससे पूर्व संस्कृत शिक्षा विभाग में सचिव के पद पर कार्यरत थे। विश्राम मीणा महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के कुलसचिव रहे हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद मीणा ने कहा कि राज्य सरकार की समस्त प्राथमिकता उनकी प्राथमिकताएं रहेंगी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिले, इसके लिए निचले स्तर तक नियमित मॉनिटरिंग की जायेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारित करने के प्रयास किए जायेंगे। इससे पहले सर्किट हाउस पहुंचने पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) रामावतार कुमावत ने संभागीय आयुक्त की अगवानी की। कार्यालय पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। संभागीय आयुक्त ने कार्यालय की विभिन्न शाखाओं के कार्यों के बारे में जाना। इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल.डी. पवार, संभागीय आयुक्त कार्यालय के संस्थापन अधिकारी चेतन आचार्य, निजी सहायक मोहित जोशी सहित स्टाफ के अन्य सदस्य मौजूद थे। जनसंपर्क विभाग के उप निदेशक डॉ हरिशंकर आचार्य ने जनसम्पर्क विभाग की मासिक पत्रिका सुजस के नवीनतम अंक की प्रति और जिला दर्शन पुस्तिका भेंट की।

एक रात में 8 दुकानों के ताले तोड़े

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के चूनावढ़ बस स्टैंड क्षेत्र में बीती रात चोरों ने एक के बाद एक छह दुकानों के ताले तोड़ दिए। वहीं रत्तेवाला बस स्टैंड पर भी दो दुकानों के ताले टूटे मिले। लगातार हो रही वारदातों से व्यापारियों में रोष है। आमजन में भय का माहौल है। चूनावढ़ बस स्टैंड पर डीजल-तेल की दुकान, कबाड़ स्टोर, फर्नीचर शोरूम, पंजाबी तड़का रेस्टोरेंट, मोबाइल दुकान 'डैनमू सेल्फ' सहित कुल छह दुकानों के शटर ताले अज्ञात चोरों ने आधी रात के बाद काट दिए। दुकानों से किसी बड़ी नकदी या सामान की चोरी की पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन एक साथ छह दुकानों को निशाना बनाए जाने से व्यापारी दहशत में हैं। सूचना पर चूनावढ़ पुलिस चौकी से एएसआई मंसाराम मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का मुआयना किया। दुकानदारों से पूछताछ की। व्यापारियों ने कहा कि एक ही रात में कई दुकानों के ताले टूटना पुलिस गश्त पर सवाल खड़े करता है। दुकानदार रणजीत सिंह सहगल समेत अन्य व्यापारियों ने चूनावढ़ थाने में प्रार्थना पत्र देकर चोरी का मामला दर्ज करने और सख्त कार्रवाई की मांग की है। व्यापारियों ने क्षेत्र में रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने की भी मांग की। रत्तेवाला बस स्टैंड पर भी बीती रात दो दुकानों के ताले टूटे मिले। सीसीटीवी कैमरे में एक अज्ञात व्यक्ति ताले तोड़ता हुआ नजर आया है। हालांकि वहां भी किसी बड़े नुकसान की जानकारी नहीं मिली है। लोगों का कहना है कि यह किसी नशेड़ी गिरोह की करतूत हो सकती है। चोर दुकानों में दाखिल तो हो रहे हैं, लेकिन सामान या नकदी नहीं ले जा रहे। आशंका है कि गिरोह रेकी कर रहा है। चूनावढ़ क्षेत्र में दो जगह में दुकानों को निशाना बनाए जाने से व्यापारियों में आक्रोश है। कस्बेवासियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इन वारदातों को गंभीरता से लिया जाए। नियमित गश्त हो। सीसीटीवी फुटेज की जांच कर चोरों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाए ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बहाल हो सके।

अर्जुनराम मेघवाल आज आयेंगे

बीकानेर, (कासं)। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल 26 जून को प्रात: 7:20 बजे बीकानेर रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। मेघवाल गंगाशहर के महावीर चौक स्थित विद्या निकेतन में आयोजित होने वाले करियर काउंसलिंग कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों और बैठकों में भागीदारी निभायेंगे। मेघवाल रात्रि 10:20 बजे रेल मार्ग से सराय रोहिल्ला के लिए प्रस्थान करेंगे। वहीं सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन मंत्री आज गौतम दक भी बैठक लेंगे।

ट्रिपल मर्डर मामले में तांत्रिक को घटना स्थल लेकर गई पुलिस

- खाजूवाला में ट्रिपल मर्डर और 50 लाख रूपए की ठगी का मामला
- प्रसाद में धतूरे के बीज और नींद की गोलियां मिलाकर दी थी

बीकानेर,(कासं)। खाजूवाला में ट्रिपल मर्डर और 50 लाख रूपए की ठगी के मामले में पुलिस बुधवार को मुख्य अभियुक्त बी. शिवा (तांत्रिक) को लेकर घटना स्थल पर पहुंची। तांत्रिक ने रात भर चली तांत्रिक क्रिया का पूरा ब्यौरा खुद पुलिस को बताया। तांत्रिक ने गूगल पर रूपए डबल करने की तकनीक देखी थी, जिसके आधार पर वो ये काम करता है।

खाजूवाला थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी शिवा की एक दिन पहले ही जेल में शिनाख्त परेड करवाई गई थी। तीन गवाहों के आधार पर उसकी पहचान उसी तांत्रिक के रूप में हुई जिसने गफ्फार के घर पर तंत्र-मंत्र किया था। इसके बाद उसे प्रोडक्शन वारंट पर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस आरोपी को आज खाजूवाला के वार्ड 16 में स्थित मृतक गफ्फार के घर मौका तस्दीक के लिए लेकर गई। उसने सभी कमरों में हुई प्रक्रिया की जानकारी दी। आरोपी ने बताया कि प्रसाद कहां बनाया गया और किस तरह से वितरण किया गया। धतूरे के बीज और नशे की गोलियां वो साथ में लेकर आया था। सभी को प्रसाद में धतूरे के बीज और नींद की गोलियां मिलाकर दी थी। वो सभी को बेहोश करके फरार होने वाला था लेकिन डोज ज्यादा होने के कारण तीन की मौत हो गई।

गफ्फार का बेटा सलमान भारी डोज के बाद भी बेहोश नहीं हुआ और उसे समय रहते शिवा की करतूत के बारे में पता चल गया। बी. शिवा को बुधवार को छह दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। उसे बीकानेर सेंट्रल जेल भेजा गया था, जहां से अब प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार करके पुलिस रिमांड लिया है।

दरअसल पुलिस को उससे अब हत्या के मामले की जांच करनी है। तांत्रिक शिवा का मृतक शैतान सिंह और विक्रम सिंह के साथ क्या संबंध थे और इन दोनों को क्यों मारा। इस बारे में स्थिति अब तक स्पष्ट नहीं है। पुलिस के अनुसार जांच आगे बढ़ने के साथ ही और गिरफ्तारियां होगी। इस मामले में तांत्रिक को भगाने वालों और उसे आश्रय देने वालों की तलाश की जा रही है। गफ्फार के पारिवारिक सदस्यों की भूमिका पर भी पुलिस जांच कर रही है।

स्मृति ईरानी 27 को बीकानेर में

बीकानेर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी संभाग कार्यालय में आपातकाल की 50 वीं बरसी पर संगोष्ठी कार्यक्रम को लेकर शहर जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिला पदाधिकारियों के साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई।

सुमन छाजेड़ ने बताया कि आपातकाल की 50 वीं बरसी पर 27 जून को सुबह 11 बजे रविन्द्र रंगमंच में संगोष्ठी में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी मुख्य वक्ता उपस्थित रहेंगी। छाजेड़ ने बताया स्मृति ईरानी सुबह हवाई मार्ग से बीकानेर पहुंचेगी व एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान प्रेस वार्ता को भी संबोधित करेगी। आज की बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सत्यप्रकाश आचार्य, मुमताज भाटी, महामंत्री मोहन सुराणा, श्यामसुंदर चौधरी, नरेश नायक, उपाध्यक्ष आनंद सिंह भाटी, बाबूलाल गहलोत, विजय उपाध्याय, मंत्री संगीलाल गहलोत, भारती अरोड़ा, कौशल शर्मा मौजूद थे।

गंगाशहर कॉलेज जमीन पर कब्जा, तारबंदी की

- रात के समय भूमाफियाओं ने कॉलेज की जमीन पर तारबंदी कर कब्जा कर लिया

बीकानेर, (कासं)। गंगाशहर राजकीय कॉलेज की जमीन पर तारबंदी कर कब्जा करने का मामला सामने आया है। कॉलेज प्रिंसिपल ने पुलिस, प्रशासन, नगर निगम और आयुक्तालय को इस संबंध में पत्र लिखे हैं।

गंगाशहर में नगर निगम की ओर से राजकीय कॉलेज को जमीन आवंटित की गई थी। पिछले दिनों 7-8 जून को अवकाश के दौरान रात के समय भूमाफियाओं ने कॉलेज की जमीन पर तारबंदी कर कब्जा कर लिया। अगले दिन कॉलेज खुलने पर स्टॉफ पहुंचा तो जमीन पर कब्जे का पता चला। कॉलेज प्रिंसिपल ने गंगाशहर पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। कलेक्टर, नगर निगम और आयुक्तालय को पत्र लिखे, लेकिन कब्जा हटाने के संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हुई। तारबंदी के कारण कॉलेज पहुंचने वाले स्टूडेंट और स्टॉफ परेशान है। प्रिंसिपल बबीता जैन ने बताया कि एक माह पूर्व ही नगर निगम को जमीन की निशानदेही के लिए कहा गया था जिससे कि सड़क बनाई जा सके।

निशानदेही नहीं होने पर भूमाफियाओं ने दो दिन अवकाश के दौरान जमीन पर कब्जा करने के लिए तारबंदी कर ली। कॉलेज चारदीवारी के बाहर दक्षिण में मुरली मनोहर धोरे की तरफ 75 फीट और दूसरी तरफ मुक्तिधाम की ओर पश्चिम दिशा में 100 फीट जमीन है। भूमाफियाओं ने कॉलेज के मुख्य द्वार के सामने तारबंदी कर दी और केवल पगडंडी छोड़ी है। जमीन की निशानदेही करवाने के लिए नगर निगम अधिकारियों से कहा गया है।

बदमाशों ने दुकानदार से मारपीट कर रूपए लूटे

- चार बदमाशों ने मैन बाजार में दुकान मालिक के साथ चाकूबाजी कर घायल किया

बीकानेर, (कासं)। जिले के खाजूवाला में दुकानदार के साथ लूट हो गई। चार बदमाशों ने मैन बाजार में स्थित दुकान के मालिक के साथ चाकूबाजी की और रूपए लूटकर भाग गए। मारपीट में दुकानदार घायल हो गया।

खाजूवाला के मुख्य बाजार में भगत सिंह चौक पर रात करीब साढ़े नौ बजे चार बदमाश दुकानदार मुस्तफा की दुकान पर पहुंचे थे। मुस्तफा मनिहारी की दुकान करता है। दिनभर की कमाई के साथ ही कुछ पुरानी बचत के रुपए भी दुकान में रखे हुए थे। बदमाशों ने दुकान पर पहुंचकर चाकू दिखाया और रुपए छीने। दुकान में रखा सामान भी बिखेर दिया और तोड़फोड़ भी की।

मुस्तफा ने विरोध किया तो मारपीट की। घटना की जानकारी पर खाजूवाला थाना के एएसआई श्रवण कुमार और हैड कांस्टेबल खींव सिंह मौके पर पहुंचे। देर रात तक बदमाशों की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने कई जगह दबिश देने के साथ ही नाकाबंदी भी की है। बदमाशों की पहचान नहीं होने के कारण अब सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

रूकी पेंशन हाथोंहाथ शुरू

बीकानेर, (कासं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत खाजूवाला के ग्राम पंचायत 14 बीडी में आयोजित शिविर के दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत चावली देवी की 14 माह से रूकी पेंशन हाथोंहाथ शुरू हुई।

चावली देवी ने बताया कि घर के काम-काज व अन्य कार्य के कारण अपना वार्षिक भौतिक सत्यापन नहीं करवा पाई। इसी वजह से उनके बैंक खाते में 14 माह से पेंशन प्राप्त नहीं हुई थी। शिविर के माध्यम से पेंशनर का तुरंत प्रभाव से भौतिक सत्यापन करवा कर आवश्यक कार्रवाई की गई। चावली देवी को 14 माह की पेंशन के साथ अब नियमित रूप से पेंशन प्राप्त होगी। चावली देवी ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिविर ग्रामीणों के लिए मददगार साबित हो रहे हैं।

दंपती से मारपीट कर 8 तोला सोने के जेवर व नकदी छीनी

- जस्सा सिंह मार्ग पर रात करीब 9 बजे कार रोककर दंपती से लूटपाट
- स्कॉर्पियो में सवार 5-6 लोग लाठी-डंडों व हथियारों से लैस थे

श्रीगंगानगर, (कासं)। यहां जस्सा सिंह मार्ग पर रात करीब 9 बजे कार रोककर दंपती से लूटपाट का केस सदर थाना में दर्ज हुआ।

पीड़ित सुखमन सिंह ने सदर रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया कि रात करीब 9 बजे पत्नी कुशलदीप कौर के साथ कार से अपने गांव 39 एलएलडब्ल्यू अमरसिंहवाला जिला हनुमानगढ़ जा रहा था। रास्ते में जस्सा सिंह मार्ग पर फल-सब्जी लेने के लिए कार धीमी की। इसी दौरान पीछे से एक स्कॉर्पियो गाड़ी आकर उनकी कार के आगे रूक गई।

स्कॉर्पियो में सवार 5-6 लोग लाठी-डंडों व हथियारों से लैस थे। सुखमन सिंह ने बताया कि इन लोगों को देखकर उसने कार के शीशे ऊपर कर लिए। इसके बाद एक आरोपी ने उसकी कार का पिछला शीशा तोड़ दिया। इन लोगों ने पिछली सीट पर रखा उसकी पत्नी का हैंड बैग लूट लिया। जिसमें 8 तोला सोने के गहने, 17 हजार रूपए, बैंक के कार्ड व दस्तावेज थे। परिवादी ने बताया कि आरोपियों ने उसके व उसकी पत्नी के साथ मारपीट की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। सुखमन सिंह ने बताया कि घटना के बाद एक बार वह घबरा गया। बाद में पता किया तो दो आरोपियों की पहचान आकाश बराड़ व नवीन के रूप में हुई। अन्य तीन-चार आरोपियों के बारे में जानकारी नहीं मिली। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस ने बताया कि अभी परिवादी पक्ष ने बयान दर्ज नहीं करवाए हैं। बयान दर्ज करने के बाद घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज आदि की जांच की जायेगी।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक:- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक :

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 16 के किला नं. 11 में भूखण्ड संख्या का माप 10.6'' गुणा 47'-0'' फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री पवन कुमार पुत्र श्री पृथ्वीराज निवासी 5 वी सरस्वती नगर श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री पवन कुमार पुत्र श्री पृथ्वीराज निवासी 5 वी सरस्वती नगर श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 16 के किला नं. 11 में भूखण्ड संख्या का माप 10.6'' गुणा 47'-0'' फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

क्रमांक :- LU2012/SGN/2025-26/101389 **लोक सूचना** दिनांक : 25.6.2025

श्री गुरसन्त सिंह पुत्र श्री हरमेल सिंह जरिये मुखत्यारे खास ओम प्रकाश पुत्र श्री लालचन्द निवासी वार्ड नं. 3, 17 एमएल, पठानवाला, 11 एलएनपी, उद्योग विहार, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का वेयर हाऊस एवं गोदाम प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं./भूमि का विवरण	क्षेत्रफल (हैक्टेयर)
1	चक 17 एमएल तहसील व जिला श्रीगंगानगर	श्री गुरसन्त सिंह पुत्र श्री हरमेल सिंह जरिये मुखत्यारे खास ओम प्रकाश पुत्र श्री लालचन्द	चक 17 एमएल मुरब्बा नं. 23 के किला नं. 13 में 0.2530 है. किला नं. 14 में 0.2530 है. किला नं. 15 में 0.2020 है. किला नं. 16 में 0.2020 है. किला नं. 17 में 0.2530 है. किला नं. 18 में 0.2530 है. किला नं. 25 में 0.2020 है., यथाकुल 1.618 हैक्टे.	कुल 1.618 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 25.06.2025 को जारी की गयी। - प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक:- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 18/06/2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 21 के किला नं. 07 में भूखण्ड माप 14.6'' गुणा 50'-0'' फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री हन्नी शर्मा पुत्र श्री दलीप शर्मा निवासी, मुरारी कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री हन्नी शर्मा पुत्र श्री दलीप शर्मा निवासी मुरारी कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 21 के किला नं. 07 में भूखण्ड माप 14.6'' गुणा 50'-0'' फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली समस्या को लेकर देहात कांग्रेस ने मोर्चा खोला

- दस दिन में बिजली की समस्या का समाधान करें नहीं तो आंदोलन

बीकानेर, (कासं)। जिला कांग्रेस कमेटी देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग के नेतृत्व में सुरपुरा, पांचू, बरसिंहसर, शेरेरा, केसरदेसर के ग्रामीणों सहित कई गांवों के प्रतिनिधिमण्डल ने विभिन्न बिजली संबंधित समस्याओं को लेकर जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान करवाने पर वार्ता की।

सुरपुरा के किसानों ने भामटसर जीएसएस से सुरपुरा जीएसएस को अलग से नया ट्रांसफार्मर लगाकर विधुत लाइन जोड़ने तथा सुरपुरा जीएसएस में जर्जर इन्सुलेटर पोल व डिस को बदलने, ग्राम पंचायत पांचू में वंचित ढाणियों में विद्युत कनेक्शन करवाने, बरसिंहसर में कृषि कनेक्शन अधिक होने से विद्युत लोड बढ़ गया है। जिस कारण से विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो रही है। अत: अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने, शेरेरा व केसरदेसर में स्थानीय ग्रामीण विद्युत ट्रिपिंग समस्या से परेशान हैं। इस समस्या के समाधान करवाने सहित बीकानेर जिले के ग्रामीण अंचल में काफी गांवों में बिजली आपूर्ति संबंधित अनेक समस्याओं को लेकर देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग सहित प्रतिनिधिमण्डल ने जेवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपकर लम्बित समस्याओं के त्वरित समाधान करने के लिए कहा।

सियाग ने चेतावनी दी कि आगामी दस दिन में ज्ञापन में वर्णित समस्याओं का कार्य पूर्ण करवाएं अन्यथा मजबूरन पीड़ित ग्रामीणों को साथ लेकर आन्दोलन के लिए मजबूर होंगे। जिला संगठन महासचिव मार्शल प्रहलाद सिंह ने बताया कि ज्ञापन सौंपने और वार्ता करने वाले प्रतिनिधिमंडल में सुरपुरा से मदनलाल भांभू, मूलाराम भांभू, दुलाराम खाती, पांचू से सोहनलाल मेघवाल व अशोक सियाग मौजूद थे।

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की समस्या को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग के नेतृत्व में अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपकर वार्ता की।

पेंशन नियमों में बदलाव का विरोध

नोखा, (कासं)। अखिल भारतीय पेंशनर फाउंडेशन और राजस्थान पेंशनर समाज ने सीसीए पेंशन नियम संशोधन विधेयक 2025 का विरोध किया। पेंशनर्स ने जुलूस निकालकर उपखंड कार्यालय में एसडीएम को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

इससे पहले अंकलेश्वर महादेव मंदिर में पेंशनर समाज के अध्यक्ष इंदरचंद मोदी की अध्यक्षता में बैठक हुई। मोदी ने कहा कि प्रस्तावित संशोधन से पूर्व और वर्तमान पेंशनर्स के बीच भेदभाव होगा। यह उच्च न्यायालय के निर्णयों का उल्लंघन है। इससे 2016 के पहले और बाद के पेंशनर्स के बीच सातवें वेतन आयोग की समानता भी समाप्त हो जायेगी। पेंशनर्स ने मुख्यमंत्री के नाम भी दो अलग ज्ञापन सौंपे। पहला ज्ञापन 1990 के पूर्व पेंशनर्स की जन्मतिथि के अंकन की समस्या के समाधान के लिए था। नोखा में आयुर्वेदिक चिकित्सा की नई पोस्ट स्वीकृत करने की मांग की।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 22.6.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 10 के किला नं. 12 में भूखण्ड सं. L-33 का माप 10-0''गुणा 15-0'' फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री मान सिंह पुत्र श्री बलराज सिंह निवासी 22 ए एम पी की ढाण्यि, तह. संगरिया जिला हनु